**एक नजर में**

### जगदीश बैरागी दिवंगत



**पचोर 22 दिसम्बर, सं.** समीपस्थ ग्राम लसूडिया जागीर निवासी जगदीश बैरागी का सोमवार को निधन हो गया. वह रघुनंदन वैष्णव, सुरेश वैष्णव के पिता जी एवं दिनेश बैरागी, सरपंच मनोज बैरागी के काकाजी थे. सहज, सरल, मिलनसार एवं धार्मिक प्रवृत्ति के श्री बैरागी के निधन से शोक छा गया. स्थानीय मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया. अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणजनों, जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, समाज बंधुओं ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की. मुखाग्नि पुत्रगण द्वारा दी गई.

### इस माह में दूसरा नि:शुल्क नेत्र शिविर कल

**ब्यावरा 22 दिसम्बर, का.** श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर कल 24 दिसम्बर को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रखा गया है. विदित है कि मंदिर धाम पर माह के प्रत्येक दूसरे बुधवार को नेत्र शिविर आयोजित किया जाता है किंतु इस बार 10 दिसम्बर को आयोजित शिविर में नेत्र रोगियों की काफी संख्या होने के चलते मंदिर ट्रस्ट द्वारा इसी माह एक और नेत्र शिविर 24 दिसम्बर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया. इसी के चलते कल 24 दिसम्बर को मंदिर धाम पर नेत्र शिविर रखा गया है. श्री सदगुरू संकल्प नैत्र चिकित्सा लय आनंदपुर के सहयोग से लगने वाले शिविर मे आंखों का नि:शुल्क उपचार एवं ऑपरेशन किए जाएंगे, शिविर में भर्ती मरीजों की जांच, आपरेशन, भोजन, दवाई आदि का प्रबंध नि:शुल्क किया रहेगा. नेत्र रोगी अपना आधार कार्ड अवश्य साथ लाए.

### रक्तदान शिविर आज

**ब्यावरा 22 दिसम्बर, का.** अमर बलिदानी वीर बाल दिवस के अवसर पर श्री गुरुसिंह सभा कमेटी ब्यावरा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन आज नगर में किया जायेगा. आज गुरुद्वारा राजगढ़ रोड ब्यावरा में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर होगा. श्री गुरुसिंह सभा कमेटी, माधव स्मृति न्यास ब्यावरा द्वारा अधिकाधिक संख्या में शिविर में शामिल होकर रक्तदान करने का आग्रह किया गया है.

### कुंडीबेह में देश का पहला जल अर्पण कार्यक्रम आज

**राजगढ़ 22 दिसम्बर, का.** जल एवं स्वच्छता समिति के तत्वावधान में ग्राम पंचायत कुंडीबेह में जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन 23 दिसम्बर, 2025 को किया जा रहा हैं. यह कार्यक्रम देश में पहली बार आयोजित हो रहा है, जो जल संरक्षण एवं जल के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल हैं. इस अवसर पर कार्यक्रम में डायरेक्टर जल जीवन मिशन भारत सरकार विकास कुमार, संयुक्त संचालक जल जीवन मिशन भारत सरकार सुश्री स्वाति मीना नायक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन श्रीमती संपतिया उईके, प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पी. नरहरी तथा प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश जल निगम केवीएस चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी. जल अर्पण कार्यक्रम में जल जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी. जिनमें प्रमुख रूप से प्रभात फेरी जल बंधन जल वंदना जल संकल्प, जल श्रृंगार, हर घर जल घोषणा आदि गतिविधियां सम्मिलित होंगी. यह कार्यक्रम जल जीवन मिशन के उद्देश्यों को साकार करने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, जल प्रबंधन और हर घर स्वच्छ पेयजल उपलब्धता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी.

# जिले में आवारा श्वानों को लगेगी वैक्सीन

## समय-सीमा बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा सख्त, बेहतर कार्यों की खुलकर की सराहना

**नवभारत की खबर का असर, समीक्षा बैठक में निर्देश दिए**

**सीएम हेल्पलाइन, अनुशासन एवं ई-ऑफिस पर कड़े फैसले**

**विकास कार्य, जनसेवाएं एवं आयोजनों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा**

**नवभारत न्यूज**
**राजगढ़ 22 दिसम्बर, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित की गई.बैठक में कुत्तों की नसबंदी की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सीएमओ एवं उप संचालक पशु चिकित्सा को तत्काल ऑपरेशन टीम गठित कर नसबंदी कार्य प्रारंभ करने के सख्त निर्देश दिए.**
वहीं पीएमजीएसवाई विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने हेतु की गई प्रभावी कार्रवाई की कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह प्रशासन की प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. गौरतलब है कि नवभारत ने बीते दिनों अपने राजगढ़ अंक में जिल में डॉग अटैक को लेकर समाचार प्रकाशित किया था.

बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, शिकायतों के निवारण, ई-ऑफिस उपयोग, ई-केवायसी, समय सीमा की शिकायतों, सीएम हेल्पलाईन तथा शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई. बैठक में विभागों को स्पष्ट व समयबद्ध कार्य करने हेतु निर्देश भी दिए गए.



18 दिनों में 124 लोगों पर 'डॉग अटैक'
जिले में कुत्तों के काटने के मामले बढ़े, असुरक्षा का वातावरण बना
गौवंश पर कुत्तों के हमले की हो रही हैं घटनाएं
नवम्बर माह में कुत्तों के काटने के जिले में 720 मामले आये
एक ही दिन में कुत्तों के काटने के 11 मामले आये



### 5 मण्डी सचिवों के वेतन काटने के निर्देश

सी.एम. हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान बाटम - 5 में आने वाले अधिकारी मण्डी सचिव कुरावर रामप्रसाद राज, खुजनेर बनेसिंह, सारंगपुर राजेश खरे, ब्यावरा अशोक कुमार ठाकुर व वन परिक्षेत्र अधिकारी ब्यावरा गौरव गुप्ता का तीन-तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए. साथ ही समय-सीमा बाहय शिकायतों पर ग्राम पंचायत बारोल खिलचीपुर, ग्राम पंचायत ब्राह्मणगांव जीरापुर, ग्राम पंचायत नापानेरा ब्यावरा व सीएमओ खुजनेर पर 250-250 रूपये जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश भी दिए. इसके साथ ही तहसीलदार कुरावर सुश्री सुनीता कुमारी के 11 आवेदन समय-सीमा बाह्य होने पर पर आवेदन 250 रूपये जुर्माना अधिरोपित करने के निर्देश दिए.

### खिलचीपुर सीएमओ के निलंबन का प्रस्ताव

बैठक में अवमानना प्रकरणों की समीक्षा की गई. कलेक्टर ने सीएमओ राजगढ़ को आवास से संबंधित लंबित मामलों का सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. एसडीएम नरसिंहगढ़ द्वारा पट्टों की जानकारी उपलब्ध न कराने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा पट्टाधारी संबंधी जानकारी व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए. सभी एसडीएम को राज्य की गूगल शीट अपडेट करने, आवेदकवार एवं निकायवार भूमि आवंटन की जानकारी तैयार कर चर्चा करने के निर्देश दिए गए. महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में अप्रारंभ आंगनवाड़ी केंद्रों की जानकारी न होने पर संबंधित अधिकारी के प्रति नाराजगी व्यक्त की गई. श्मशान घाटों पर किए गए कार्यों की जानकारी को समय सीमा बैठक का स्थायी एजेंडा बनाने के निर्देश दिए गए. बैठक में सीएमओ खिलचीपुर द्वारा अतिक्रमण न हटाने के निर्देशों का पालन नहीं करने पर निलंबन का प्रस्ताव



# मेन मार्केट में सार्वजनिक बाथरूम की बदहाली

## फर्शी टूटी, गंदगी से सराबोर बाथरूम की दुर्गति

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 22 दिसम्बर, का.** नगर के मैन मार्केट में गांधी चौक के यहां स्थित सार्वजनिक बाथरुम की बदहाली देख हर कोई अचंभित रह जाता है, समूचे बाथरूम की फर्शी टूटी है, गंदगी मची हुई है. इन हालातों के कारण लोग इसका उपयोग भी नहीं कर पा रहे है.

उल्लेखनीय है कि गांधी चौक में शासकीय क्र. 1 स्कूल के समीप नगर पालिका परिषद का सार्वजनिक बाथरुम है. मैन मार्केट में बाथरुम की काफी दुर्गति है. इसकी फर्शी तक पूरी तरह टूटकर उखड़ चुकी है, ठोकर खाते हुए लोग यहां तक पहुंच पाते है. बाथरुम में इतनी अधिक गंदगी मची हुई है कि लोग यहां जाने से भी कतराते है.

### अतिक्रमण से घिरी सार्वजनिक बाथरूम

मैन मार्केट सहित आसपास क्षेत्र में यह एकमात्र सार्वजनिक बाथरुम है किंतु यह भी दुर्गति का शिकार हो रही है. इसके चारों ओर अतिक्रमण होने से अब ता यह बाथरुम नजर तक नहीं आती है. अनदेखी के चलते यह बाथरुम पूरी तरह से बदहाल है. यहां के हालात ही यह बयां करते है कि यहां कब से सफाई नहीं हुई है. उचित सफाई के अभाव में यहां काफी दुर्गंध उठती है, जिससे आसपास के दुकानदारों का व्यवसाय करना भी मुश्किल होता है.

# पिकअप और बाइक की टक्कर में महिला की मौत

## पति-पत्नी बाइक पर थे सवार

**नवभारत न्यूज**
**जीरापुर 22 दिसम्बर, सं.** नगर के डग रोड़ बालाजी मंदिर परिसर में अटल स्मृति पर्व के उपलक्ष्य में विकास एवं सेवा भाजपा का विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ. विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह विधानसभा में बोल रहे थे कि राघोगढ़ में विकास कार्य नहीं हो रहें में भी इस वाकिया को सुन रहा था तो पुर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने दस वर्ष तक क्या किया जब क्षेत्र में विकास कार्य नहीं तो पुरे प्रदेश में विकास कहा से होगा विधायक दांगी ने टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने कांग्रेस को यहां से लेकर राष्ट्र तक समाप्त कर दिया.भाजपा जो कहती हैं वह करतीं हैं लाड़ली बहना कि राशि पन्द्रह सो की ओर तीन हजार तक करेगी. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव सरकार के दो वर्ष पूर्ण पर कहा कि भाजपा ने हर प्रांत में संगठित होकर काम किया.खाद के लिए कांग्रेसी धरना दें रहे थे जबकि यूरिया खाद भरपूर मात्रा में उपलब्ध है इतना ही नहीं राजगढ़ जिले में भी सबसे ज्यादा खिलचीपुर क्षेत्र में खाद आया है जिसके लिए मैंने मांग कर बताया था. मंच पर पूर्व विधायक पुरसिंह पवांर, एसआईआर जिला प्रभारी गजेन्द्रसिंह सिकरवार, पूर्व मंडी अध्यक्ष कमलसिंह पवांर, जिला महामंत्री देवीसिंह सोंधिया, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, पूर्व नपा अध्यक्ष बलराम टांक, मंडल महामंत्री रमेशचंद शर्मा, विष्णुसिंह पवांर, डॉ. राम किरार, भगवान सिंह तोमर, हनुमान पाटीदार, ईश्वर सिंह तोमर, अर्जुनसिंह पवांर, मुकेश राठौर, श्री राम दांगी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### ग्राम प्रतापपुरा मार्ग पर हटाया अतिक्रमण

**राजगढ़ 22 दिसम्बर, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पचोर शुजालपुर रोड से प्रतापपुरा मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई. यह कार्यवाही जनहित एवं सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई. अभियान अंतर्गत सहायक प्रबंधक प्रवीण पाटीदार, ग्राम सरपंच श्रीमती ललताबाई, प्रतिनिधि जगदीश लववंशी एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई. टीम द्वारा मार्ग पर किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को हटाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त किया गया. जिससे आमजन को आवागमन में सुविधा मिली. कार्यवाही के दौरान स्थानीय नागरिकों को भविष्य में अतिक्रमण न करने की समझाइश दी गई. अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध आगे भी निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी. इस कार्यवाही में सहायक प्रबंधक प्रवीण पाटीदार एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा.

# बच्चों को कराया तारामंडल का भ्रमण

**नवभारत न्यूज**
**खिलचीपुर 22 दिसम्बर, सं.** पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल ढाबली कला के छात्र - छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी उज्जैन ले जाया गया. छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत हो इसलिए उन्हें तारामंडल, त्रिवेणी संग्रहालय एवं जंतर मंतर का भ्रमण कराया गया तारामंडल में छात्र-छात्राओं ने सूर्य एवं विभिन्न ग्रहों की स्थिति एवं उनकी परिक्रमा के संबंध में जानकारी प्राप्त की इसके साथ ही साथ यात्राओं को श्री कृष्ण भगवान की विद्यास्थली, श्री सांदीपनि आश्रम का भ्रमण भी कराया गया. जहां छात्र-छात्राओं ने भगवान कृष्ण द्वारा प्राप्त 64 विद्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की इसके साथ ही छात्र छात्राओं को मंगलनाथ, त्रिवेणी संग्रहालय एवं महाकाल लोक का भ्रमण कराया गया सभी



छात्र भगवान महाकाल के दर्शन प्राप्त कर अभिभूत हो गए. छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह से महाकाल लोक का भ्रमण किया. बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण का आनंद उठाया. जिसमें संस्था के समस्त शिक्षक स्टॉफ उपस्थित रहे.

# राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 22 दिसम्बर, का. नगर में सोमवार को भील-भिलाला समाज द्वारा राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ब्यावरा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कहा गया कि संतोष वर्मा (आईएएस) के बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया.**

इस मौके पर समाज जिलाध्यक्ष गोपाल सिंह भिलाला रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर, यूथ जिलाध्यक्ष्ज्ञ अमृतलाल भूरिया, रविकुमार



खरेटिया, प्रवीण कुमार गनावे, ब्रजकिशोर, अशोक कुमार, दुर्गाप्रसाद, हेमराज, रमेशचंद्र, चंदर सिंह, राधेश्याम चौहान, दीपक कुमार, रविकुमार, लाखन सिंह आदि उपस्थित रहे.

### पुनरीक्षण बैठक आज

**राजगढ़ 22 दिसम्बर, का.** विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अन्तर्गत फोटो निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 23 दिसम्बर, 2025 को किया जाएगा. सभी विधानसभा स्तर पर अभिहित स्थानों पर प्रारूप प्रकाशन के उपरांत 23 दिसम्बर, 2025 को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी. अपर कलेक्टर द्वारा सभी से अपेक्षा की गई है कि उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें.

# पशु पालकों को दे रहे महत्वपूर्ण जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**ब्यावरा 22 दिसम्बर, का.** मध्य प्रदेश शासन का दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण 17 दिसंबर से 30 दिसंबर तक चल रहा है, जिसमें आमदनी को बढ़ाने के लिए पशुपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.


पशुपालकों को पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार की जानकारी दी जा रही है, ताकि उन्नत नस्ल के पशुपालन कर अपने पशुओं को सही पोषण देकर अधिक दूध उत्पादन प्राप्त कर सके.

अभियान के तहत डॉक्टर डी. एस.सिसोदिया ने



सांसद रोडमल नागर से चर्चा कर अभियान को सफल बनाने मार्गदर्शन प्राप्त किया.

### पृथ्वी ने आकाश चूमा




**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 22 दिसम्बर, का.** सरदार पटेल स्कूल के छात्र पृथ्वी आलोक प्रसाद ने कॉमन लॉ एड्मीशन टेस्ट (क्लेट) परीक्षा में प्रभावी अंक प्राप्त कर एक प्रकार से आकाश चूम लिया है. पृथ्वी सरदार पटेल स्कूल के डायरेक्टर डॉ.कमल आलोक प्रसाद के छोटे पुत्र है. पृथ्वी आलोक प्रसाद ने ऑल इंडिया और ओबीसी स्तर पर पर बेहतर रैंक प्राप्त की है. इसी आधार पर पृथ्वी का सिलेक्शन क्लेट में हो गया है. इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने से पृथ्वी को न्यायिक सेवा में जाने के रास्ते खुल गए है. युवक की इस सफलता पर होने पर विद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है. पृथ्वी को शुभकामना देने वालों में कमल आलोक के मित्रगण राजस्व निरीक्षक देवीसिंह यादव, डॉ मुकेश मारू, एड्व्होकेट चंद्रकांत त्रिपाठी आदि कई लोग शामिल है.

# 17 फरवरी को सुठालिया में होगा नि:शुल्क कन्या विवाह



**सुठालिया 22 दिसम्बर, सं. हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री बालकेश्वर महादेव जनकल्याण उत्सव समिति 11 कन्याओं का नि: शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करेगी. आगामी 17 फरवरी को होने वाले इस सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर गत रविवार रात्रि समिति पदाधिकारियों सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी विवाह सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की गई.**

जिसमें विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि विवाह समारोह के लिए 22 दिसंबर से 15 जनवरी तक आवेदन लिए जाएंगे जिसके तहत नगर के आवेदन को पहले प्राथमिकता दी जाएगी जोड़े कम पड़ने की स्थिति में ही अन्य आसपास क्षेत्रों के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे.15 फरवरी रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रात: 10 बजे राजमहल परिसर से भोले की भव्य बारात निकाली जाएगी. और मंदिर परिसर में सम्पन्न होगी. इस दौरान मंदिर में धार्मिक आयोजन अभिषेक प्रसादी वितरण किया जावेगा.



**समारोह** ▶ **नगर में आयोजित चंद्रवंशी खाती समाज के सम्मान समारोह में शामिल हुए समाज बंधु**

# समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा अति आवश्यक

**नवभारत न्यूज**
**कुरावर 22 दिसम्बर, सं. समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है एवं सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करना बहुत ही आवश्यक है. समाज बंधुओ को संगठित होकर सामाजिक संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करना चाहिए तभी समाज का सर्वांगीण विकास संभव हो पाएगा.**

उक्त बात नगर में विगत दिवस आयोजित अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के भव्य सम्मान समारोह में खाती समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर




देथलिया ने कही. सम्मान समारोह स्थानीय चंद्रवंशी खाती समाज धर्मशाला में आयोजित किया गया.

समारोह में समाज के युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय पटेल, विधायक कालापीपल घनश्याम चंद्रवंशी एवं समाज के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी शामिल हुए. समारोह में समाज के लोगों में उत्साह और एकजुटता का भाव देखने को मिला.

मुख्य अतिथि श्री देथलिया ने कहा कि खाती समाज शिक्षा के क्षेत्र में और आर्थिक रूप से सशक्त हो रहा है, उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है एवं सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करना बहुत ही आवश्यक है समाज के सभी बंधुओ को संगठित होकर सामाजिक संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करना चाहिए तभी समाज का सर्वांगीण विकास संभव हो पाएगा. युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ पटेल ने युवाओं से समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया. कलापीपाल विधायक श्री चंद्रवंशी ने समाज एकता और संगठन की सराहना करते हुए कहा कि संगठित समाज ही अपने अधिकारों और विकास के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है. पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश राज, जिला अध्यक्ष अरविंद पटेल, अनिल दरबार, कैलाश वकील साहब, दिनेश संगोई, कैलाश सागवालिया, माखन माडसाब सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे. संचालन नगर परिषद प्रतिनिधि वाला प्रसाद चंद्रवंशी ने किया.